हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 21 जुलाई 2025
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

10 परपोड़ा-मनियारी और कोहका-खुरूसबोड़ ...



08 ईडी की कार्रवाई व गिरफ्तारी पर जिलेभर...



2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

# मानसिक रूप से बीमार लापता किशोर का शव हाफ नदी में मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/दाढ़ी/नवागढ़

दाढ़ी थाना क्षेत्र के दाढ़ी छिरहा गांव निवासी 16 वर्षीय किशोर प्रकाश मल्लाह (पिता खेदू मल्लाह) का शव रविवार सुबह बिरसिंघी डेम के पास हाफ नदी में तैरता हुआ मिला। मृतक बालक मानसिक रूप से बीमार था और शुक्रवार सुबह से लापता था। इस दर्दनाक घटना से पूरे गाँव में शोक का माहौल है। पुलिस के अनुसार, प्रकाश शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे घर से निकला था। जब वह देर शाम तक नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान नदी किनारे उसके कपड़े और एक डंडा मिला, जिससे परिजनों को आशंका हुई कि वह नहाने के दौरान डूब गया होगा। सूचना मिलने पर दाढ़ी पुलिस ने तत्काल गोताखोरों की मदद से सर्च ऑपरेशन शुरू किया, जो लगातार दो दिनों तक चला। रविवार सुबह करीब 6 बजे स्थानीय लोगों ने बिरसिंघी डेम के पास एक शव तैरता हुआ देखा। उन्होंने तुरंत परिजनों और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। **प्राथमिक जांच में डूबने से मौत की आशंका:** थाना प्रभारी दाढ़ी ने बताया कि शुरुआती जांच में यह मामला डूबने से हुई मौत का प्रतीत होता है, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट होगी।

## दो दिनों की मशक्कत के बाद गोताखोरों को मिली बॉडी

### जिला पंचायत सदस्य ने की आर्थिक सहयोग की मांग

घटना की जानकारी मिलने पर जिला पंचायत सदस्य अंजली नंदराम गंधर्व ने मृतक के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहयोग एवं आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुखद घटना है और प्रशासन को संवेदनशीलता के साथ परिवार की मदद करनी चाहिए।



### परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

प्रकाश की मानसिक स्थिति कमजोर थी और वह अक्सर घर से बाहर चला जाता था। परिजनों ने बताया कि वह लंबे समय से मानसिक रोग से पीड़ित था। यह पहली बार था जब वह इतने लंबे समय तक लापता रहा और अंततः उसकी लाश मिली। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस का विद्युत कार्यालयों का घेराव कल चक्का जाम की तैयारी

**बेमेतरा।** कांग्रेस संगठन 23 जुलाई प्रदेश नेतृत के आह्वान पर आर्थिक बंदी आंदोलन के तौर पर यातायात अवरुद्ध करेंगी । जारी बयान में बताया कि केंद्र की ओर राज्य की भाजपा सरकार द्वारा दबाव पूर्वक छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सुपुत्र चैतन्य बघेल को दुर्भावना पूर्वक प्रवर्तन निदेशालय ईडी के द्वारा गिरफ्तार किए जाने के विरोध स्वरूप 22 जुलाई के दोपहर 12:00 से 2:00 बजे तक बेमेतरा कवर्धा बाईपास ग्राम चोर भट्टी के पास चक्का जाम करेगी । इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आवश्यक रूप से उपस्थित रहने के निर्देश जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा दिए गए हैं, साथ ही साथ आम जनता से अपील किया गया है भाजपा सरकार के द्वारा दुर्भावना पूर्वक विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए जो एजेंसियों का सहारा लिया जा रहा है इसका विरोध करने के लिए चक्का जाम में शामिल हो तथा अपना सहयोग प्रदान करें साथ ही साथ छत्तीसगढ़ राज्य में विद्युत टैरिफ का भाजपा सरकार आने के बाद चौथी बार वृद्धि किए जाने एवं घरों में अनाप-शनाप बिजली बिल दिए जाने के विरोध में बेमेतरा कार्यपालन अधिकारी विद्युत संभाग के कार्यालय के घेराव भी 22 जुलाई के दोपहर 2:00 बजे से किया जाएगा।

### गांजा के साथ युवक हुआ गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध रुप से गांजा रखने के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर जेवरा सिरसा चौकी के अंतर्गत आने वाले पूजा राईस मिल के सामने आईआईटी रोड पर युवक खड़ा था। संदेह होने पर युवक को घेराबंदी कर पकडा गया। पुलिस पूछताछ करने पर अपना नाम आलू गोदाम, गुणोत्तर पब्लिक स्कूल के पीछे, ग्राम सिरसाखुर्द चौकी जेवरा सिरसा निवासी भरत ठाकुर होना बताया है। युवक के पास से एक काले रंग के बैग था उसमें का तलाशी लेने पर काले रंग का इलेक्ट्रानिक तराजू, सफेद रंग के पॉलिथिन में 1.148 कि.ग्रा. अवैध गांजा जब्त किया गया। गाजा की कीमत 10 हजार रुपए आंकी गई है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी उनि खगेन्द्र पठारे समेत उनकी टीम का योगदना रहा है।

समस्या : सैकड़ों पुलिस परिवार दिनभर कीचड़ और गड्ढों से होकर आना-जाना करते हैं

# पुलिस कॉलोनी की 300 मीटर सड़क दलदल निवासी परेशान, दी चक्काजाम की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ज़िला मुख्यालय के कवर्धा रोड पर एनएच-30 स्थित पुलिस आवासीय कॉलोनी में बरसात के कारण सैकड़ों पुलिस परिवारों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। कॉलोनी से नेशनल हाईवे को जोड़ने वाली महज़ 300 मीटर की सड़क लंबे समय से कीचड़, दलदल और गड्ढों से भरी हुई है, जो इन परिवारों के लिए आफत का सबब बनी हुई है।

इस 300 मीटर की सड़क पर सैकड़ों पुलिस परिवार दिनभर कीचड़ और गड्ढों से होकर आना-जाना करते हैं। सबसे मुश्किल स्थिति कॉलोनी के स्कूली बच्चों के लिए होती है, जिन्हें स्कूल जाने के लिए इस रास्ते से बड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। पुलिस परिवारों की दिनभर की चहलकदमी और निरंतर आवागमन के बावजूद, इतने लंबे समय बाद भी ज़िम्मेदार अफ़सरों द्वारा कोई स्थायी मरम्मत या सड़क समस्या का समाधान नहीं निकल पाया है।

**पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन की अनदेखी:** वैसे तो पुलिस परिवार के आवासीय कॉलोनी के निर्माण से लेकर मरम्मत की जवाबदेही राजधानी रायपुर स्थित पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन की होती है। यह कॉर्पोरेशन अपने इंजीनियरों के माध्यम से समय-समय पर सर्वे कर मरम्मत और निर्माण का कार्य देखता है। हालांकि, बेमेतरा की पुलिस आवासीय कॉलोनी में काफी लंबा अरसा बीत जाने के बावजूद विभागीय अफ़सर इस गंभीर समस्या का निराकरण नहीं कर पाए हैं, जो पुलिस प्रशासन की भी फ़ज़ीहत करा रहा है। पुलिस परिवारों का कहना है कि उनके परिजन पूरे ज़िले की कानून-व्यवस्था में जवाबदेही निभाते हैं, वहीं उनकी ही आवासीय कॉलोनी की जर्जर सड़क पर कोई सुध लेने वाला नहीं है।



### 8-10 साल से केवल आश्वासन मिल रहा

बेमेतरा में निर्मित इस आवासीय कॉलोनी को करीब 8-10 साल हो चुके हैं, लेकिन मेन रोड (नेशनल हाईवे) को जोड़ने वाली यह लगभग 300 मीटर की सड़क निर्माण काल से ही बदहाल है। पुलिस परिवार हर साल स्वयं की सेवाभाव और श्रमदान से मुरम डालकर अस्थायी हल करते हैं, लेकिन लगातार बारिश के कारण यह कच्ची सड़क सैकड़ों पुलिस परिवारों के लिए काफी मुश्किल और चुनौती भरी हो जाती है।
जानकारी के मुताबिक, इस लंबी अवधि में जिले में पदस्थ आधा दर्जन कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों सहित कमिश्नर-आईजी कार्यालय तक पत्राचार कर इस समस्या से अवगत कराया गया है।
अनेकों अफ़सरों द्वारा इस संबंध में दौरा कर स्थिति का जायजा भी लिया गया है, लेकिन सिर्फ़ आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला है। इससे निराश होकर पुलिस परिवारों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे आगामी समय में रायपुर-जबलपुर के नेशनल हाईवे-30 पर आवासीय कॉलोनी के सामने चक्काजाम करने को मजबूर होंगे।

# देवकर को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में मिला वन स्टार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

आवास और शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा किए गए स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 अंतर्गत नगर पंचायत देवकर को डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, व्यावसायिक क्षेत्रों, आवासीय क्षेत्रों, वॉटर बॉडी, सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालयों, के बेहतर साफ-सफाई, वेस्ट सेग्रीगेशन तथा अन्य स्वच्छता संबंधी कार्यों में बेहतर प्रदर्शन के लिए ओडीएफ सर्टिफिकेशन में ओडीएफ ++ के साथ गार्बेज फ्री सिटी स्टार रेटिंग अंतर्गत 1 स्टार प्राप्त हुआ।

साथ ही नगर की स्वच्छता रैंकिंग पूरे देश में 65 वें स्थान पर होने के साथ राज्य में 55 वें स्थान पर रही। बता दें कि उक्त सर्वेक्षण पूरे देश के 2035 शहरों तथा राज्य के 123 शहरी क्षेत्रों में किया गया। नगर को स्वच्छ रखते हुए सर्वेक्षण में स्टार रेटिंग तथा देश व राज्य में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने में निकाय के मुख्य नगर पालिका अधिकारी केशराम साहू, उपअभियंता संजय मोटवानी, लेखापाल गजाधर यादव, सहायक ग्रेड 03, प्रदीप कुमार सोनी, सहायक राजस्व निरीक्षक राजकुमार रात्रे, मूलचंद कोसरे, आबिद मोहम्मद कुरैशी, सोहन साहू, स्वच्छता प्रेरक आकाश आडील, उमेन्द्र ध्रुव प्लेसमेंट कर्मचारी, स्वच्छता कर्मचारी,स्वच्छता कमांडों , डोर टू डोर कचरा कलेक्शन में संलग्न स्वच्छता दीदियों के साथ ही नगर के जनप्रतिनिधियों में अध्यक्ष सुरेश सिहोरे, उपाध्यक्ष अतुल शर्मा, पार्षदगण सुरेश सिन्हा, भारत निषाद, रामप्यारी यादव,मोहन सिन्हा, रविशंकर सोनी,ताराचंद चक्रधारी,बीरेंद्र कुंजाम, देवेश गुप्ता,वर्षा साहू,धनीराम देवांगन,नीरा निषाद,सलमा मिर्ज़ा, विधायक प्रतिनिधि अजय अग्रवाल व पत्रकारगण एवं नगर के आमजनों महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी केशराम साहू ने सभी को सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए अपील ▶▶| शेष पेज 10 पर

# सात लीटर शराब जब्त एक आरोपी गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ज़िले के बेरला आबकारी वृत्त की महिला उपनिरीक्षक निवेदिता मिश्रा ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ एक निर्णायक कार्रवाई करते हुए कानून का सख्ती से पालन कराया और महिला नेतृत्व की मिसाल पेश की। शनिवार दोपहर, ग्राम रांका से मिली गुप्त सूचना के आधार पर उन्होंने अपनी टीम के साथ सूझबूझ से छापेमारी कर मौके से 7.2 बल्क लीटर शराब ज़ब्त की और आरोपी को गिरफ्तार किया। ज़ब्त मदिरा में 5 नग गोवा ब्रांड की विदेशी शराब और 35 नग देशी मसाला शराब की शीशियाँ (प्रत्येक 180-180 मि.ली.) शामिल थीं। शराब का कुल बाज़ार मूल्य लगभग 4100 रुपये आँका गया है। कार्रवाई के दौरान आरोपी भूपेंद्र टंडन (23 वर्ष), निवासी रांका, थाना बेमेतरा को मौके पर ही गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59(क), 34(1)(क), 36 के तहत गैर-ज़मानती प्रकरण दर्ज किया गया। इस कार्रवाई का नेतृत्व कर रहीं निवेदिता मिश्रा लंबे समय से क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री और संग्रहण पर नज़र रख रही थीं। सूचना मिलते ही उन्होंने तत्काल अपनी टीम के साथ कार्रवाई को अंजाम दिया। टीम में आबकारी आरक्षक नरेंद्र ठाकुर, महेंद्र नाग ▶▶| शेष पेज 10पर

# अंचल के चौक-चौराहों पर लगी सोलर हाई मास्ट लाइटें खराब, क्रेडा विभाग अनजान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) द्वारा जिलांतर्गत ग्रामीण इलाकों के चौक-चौराहों पर रात के दरम्यान दिन स्वरूप उजाला करने सौर ऊर्जा से संचालित रोशनयुक्त हाईमास्ट लाईट लगाया गया है, जो फिलहाल समय-समय पर मरम्मत व मेंटेनेंस के अभाव में खराब होकर महज शो पीस अथवा कबाड़ में तब्दील हो रहा है। दरअसल शासन-प्रशासन द्वारा गाँव-गाँव में रात को प्रकाश को फैलाने व चौक-चौराहो की सुंदरता बढ़ाने के मकसद से करीब लाखों रुपये की सरकारी फण्ड से सोलर ऊर्जा चलित हाईमास्ट लाइट को करीब 10 मीटर के खम्भे व पोल पर लगाया गया है। जिससे हाईमास्ट लाइट के आसपास लगभग 30 मीटर तक से चौक-चौराहे पर उजियारा लाने के लिए काफी तादाद में हाईमास्ट लाइटो की स्वीकृति मिली थी। जिसके तहत बेमेतरा ज़लिे के चारो विकासखण्डों के अधिकांश गांवो में क्रेडा विभाग द्वारा स्ट्रीट लाइट, हाई मास्ट लाईट को पोल के सहारे लगाया गया था, जिसमे फिलहाल की स्थिति में बड़ी संख्या में गांवो के हाई मास्ट लाइट तेज हवा-आंधी तूफान व बारिश के कारण खराब होकर बन्द पड़े हुए है, जिसकी मरम्मत समय पर नही किया जा रहा है। लिहाजा शासन-प्रशासन की यह योजना महज शो-पीस बनकर रह गया है। इस सम्बंध में बेमेतरा ज़लिा के क्रेडा एसडीओ (सहायक यंत्री) आकाश शर्मा से बात की गई तो उनका कहना है कि गांवों में ज्यादातर सौर चलित हाई-मास्ट लाइट लग जाने के पांच वर्ष के भीतर पंचायत को हस्तांतरित कर दी जाती है। वही इस दौरान अगर हाई मास्ट लाइट में कोई खराबी या शिकायत मिलता है तो विभाग द्वारा मरम्मत करा लिया जाता है, वही हैंडओवर पश्चात गारण्टी सीमा समाप्त हो जाने पर क्रेडा इंजीनियरों की देख रेख में पंचायत प्रशासन द्वारा मरम्मत कराई जाती है।



वाहन चालक जान जोखिम में डालकर इन मार्गों से गुजरने को मजबूर

# सड़कों पर मवेशियों का कब्जा राहगीर हो रहे हादसे का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नारायणपुर

बेमेतरा ज़िले के ग्राम पंचायत नारायणपुर और आसपास के क्षेत्रों की सड़कों पर भारी संख्या में मवेशियों का जमावड़ा अब एक गंभीर समस्या बन चुका है। गांवों में जहाँ ये मवेशी किसानों की फसलों को नुकसान पहुँचा रहे हैं, वहीं गाँव के मुख्य मार्गों और राष्ट्रीय राजमार्ग पर दिन-रात झुंड के झुंड मवेशी डेरा डाले रहते हैं। इससे रोज़ाना आवागमन बाधित हो रहा है और दुर्घटनाएँ लगातार बढ़ रही हैं। बारिश के मौसम में मच्छरों से बचाव के लिए ये मवेशी सड़कों पर आकर बैठ जाते हैं। वाहनों के गुज़रने से उठने वाली हवा मच्छरों को उड़ाती है, जिससे उन्हें राहत मिलती है। यही कारण है कि सैकड़ों की संख्या में मवेशी गाँव की सड़कों पर बैठे देखे जा सकते हैं। जहां सड़कों पर तेज़ रफ़्तार भारी वाहन दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं, वहीं मुख्य मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग पर रोज़ाना एक-दो मवेशियों की मौत हो रही है। वाहन चालकों को भी जान जोखिम में डालकर इन मार्गों से गुज़रने को मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे लोगों और पशुओं दोनों की जान जा चुकी है।



### रात में बढ़ा खतरा, किसानों की बढ़ी चिंता

स्थानीय निवासियों ने बताया कि रात में सड़कों पर मवेशियों की वजह से गाड़ी चलाना बेहद जोखिम भरा हो गया है। कई बार छोटी-मोटी दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं, लेकिन प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। वहीं, खेतों का मौसम शुरू होने के साथ ही किसानों की चिंता और बढ़ गई है, क्योंकि मवेशी खेतों में घुसकर फसलों को नष्ट कर रहे हैं, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान का डर सता रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन द्वारा अब तक इन बेसहारा मवेशियों के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है। साथ ही, पशुपालक भी गैर-ज़िम्मेदाराना तरीके से अपने मवेशियों को खुला छोड़ देते हैं, जिससे स्थिति और भी खराब हो रही है। कई बार ये मवेशी आपस में लड़ते हैं और सड़क पर चल रहे वाहनों से टकरा जाते हैं। जनता प्रशासन से अपेक्षा कर रही है कि जल्द ही मवेशियों को सड़कों से हटाने और उनके सुरक्षित रखरखाव की ठोस व्यवस्था की जाए, जिससे आमजन को राहत मिल सके और सड़कों पर हो रहे हादसों में कमी आ सके।

# आत्मानंद स्कूल के संविदा शिक्षकों की हड़ताल को कांग्रेस ने दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेनेतरा

जिला कांग्रेस कमेटी ने छत्तीसगढ़ व्यापी स्वामी आत्मानंद स्मृति संविदा शिक्षक संघ के द्वारा किए जा रहे हैं हड़ताल को अपना समर्थन दिया है जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा है कि जब भाजपा सरकार सत्तासीन हुई तो शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने स्वामी आत्मानंद स्मृति विद्यालयों के प्रबंध समिति जो कलेक्टर के अध्यक्षता में हुआ करती थी को भंग करते हुए उसे शिक्षा विभाग में मिलने का निर्णय लिया और जब यह निर्णय लिया गया है तो उन्हें शासकीय सेवकों के समान सुविधा भी दी जानी चाहिए पूर्व में जब कांग्रेस सरकार ने इन स्कूलों को प्रारंभ किया तो इन स्कूलों के शिक्षकों के वेतन भत्ते सभी चीजों का इंतजाम प्रबंधन समिति के माध्यम से किया था प्रदेश में कांग्रेस सरकार के रहते इन स्कूल में कार्यरत शिक्षक एवं कर्मचारियों को कभी कोई शिकायत नहीं हुई किंतु जब से भाजपा सत्ता में आई है तब से इन स्कूलों को बंद करने का षड्यंत्र किया जा रहा है इन स्कूलों को धनराशि उपलब्ध नहीं कराई जा रही है ना ही शिक्षा विभाग के माध्यम से इन्हें किसी प्रकार का आर्थिक सहयोग किया जा रहा है भाजपा नहीं चाहती कि गरीबों के बच्चे अंग्रेजी मध्य विद्यालयों में उत्कृष्ट शिक्षा हासिल करें यही कारण है कि इन स्कूलों को धीरे-धीरे बंद करने का एक षड्यंत्र किया जा रहा है साथ ही साथ यहां के कर्मचारी एवं शिक्षकों को स्कूल त्यागने के लिए विवश किया जा रहा है।



जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने स्वामी आत्मानंद स्मृति संविदा शिक्षक संघ द्वारा किए जा रहे दो सूत्रीय मांगों का समर्थन किया है जिसमें उन्होंने नियमित वेतन एवं भत्तो के भुगतान की बात कही है साथ ही साथ जब शिक्षा विभाग में इन स्कूलों का सिविलियन कर लिया गया है तो शिक्षकों का भी संविलियन किया जाना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### तहसीलदार, नायब तहसीलदारों के कार्यक्षेत्रों में बदलाव

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिले में प्रशासनिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पूर्व में जारी आदेशों में आंशिक संशोधन कर जिले अंतर्गत तहसीलदार, नायब तहसीलदारों के कार्यक्षेत्रों में बदलाव किया है। जिसके अनुसार तहसीलदार तार सिंह खरे को तहसील कार्यालय धमधा से तहसील कार्यालय बोरी में, तहसीलदार मीना साहू को तहसील कार्यालय पाटन से धमधा में, तहसीलदार रवि विश्वकर्मा को तहसील कार्यालय बोरी से भिलाई-3 में तथा तहसीलदार पवन ठाकुर को तहसील कार्यालय भिलाई-3 से पाटन में पदस्थ किया गया हैं। इसी प्रकार ना. तहसीलदार धर्मेश श्रीवास्तव तहसील कार्यालय बोरी से पाटन में, ना. तहसीलदार रमाकांत पटेल को तहसील कार्यालय पाटन से बोरी में, ना. तहसीलदार चंद्रशेखर कंवर (परि.) को तहसील कार्यालय भिलाई-3 से अहिवारा में तथा नायब तहसीलदार कुंदनलाल शर्मा को तहसील कार्यालय अहिवारा से भिलाई-3 में पदस्थ किया गया हैं।

### चंद्रा-मौर्या अंडर ब्रिज से पानी निकासी कराई गई

**भिलाई।** चंद्रा-मौर्या अंडर ब्रिज से शनिवार को पानी निकासी दुरुस्त कराई गई। अंडर ब्रिज के आसपास प्रकाश व्यवस्था के इंतजाम किए जाएंगे। बता दें कि लोहे की जाली में टूट-फूट हो गई थी। इसे लेकर समाजसेवी प्रशांत क्षीरसागर ने नगर निगम भिलाई से मांग की। इसके बाद मेंटेनेंस कराया गया। बता दें कि इस मार्ग का उपयोग टाउनशिप की तरफ आवाजाही के लिए किया जा रहा है। बारिश के दिनों में पानी जमा होने से लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ती है। लगातार इसे लेकर शिकायत की जा रही थी। इसे देखते हुए निगम ने पानी निकासी के इंतजाम किए।

### चुनाव में लगे वाहनों के भुगतान की प्रक्रिया जारी

**दुर्ग।** त्रि-स्तरीय पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव 2025 में संलग्न निजी बसों और छोटे वाहनों के भुगतान की प्रक्रिया चल रही है। जानकारी के अनुसार जिन वाहन मालिकों के वाहनों का अधिग्रहण निर्वाचन कार्य के लिए किया गया था, वे 21 जुलाई से 25 जुलाई तक जिला क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर अपने देयकों, अन्य जानकारियों का अवलोकन कर सकते है।

**प्रदर्शन : दुर्ग, पाटन, कुम्हारी, रिसाली सहित अन्य जगहों पर कांग्रेसियों का फूटा गुस्सा**

# ईडी की कार्रवाई व गिरफ्तारी पर जिलेभर में कांग्रेस का प्रदर्शन, पुतला फूंक की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी और लगातार ईडी की छापामार कार्रवाई को लेकर कांग्रेस ने जिलेभर में प्रदर्शन किया। कांग्रेसी दुर्ग, पाटन, कुम्हारी, अहिवारा, रिसाली सहित अन्य जगहों पर जुटे। उन्होंने ईडी का पुतला जलाया। जमकर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर यह प्रदर्शन किया गया। जिले के लगभग सभी दिग्गज कांग्रेस नेता प्रदर्शन में शामिल हुए। पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि भाजपा का असली चेहरा जनता के सामने आ चुका है।

भाजपा लोकतंत्र में विपक्ष को खत्म करने और डराने-धमकाने की साजिश रच रही है। पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि प्रदेश और देश में जंगल राज स्थापित नहीं होने देंगे। हर मोर्चे पर ईडी की कार्रवाई का विरोध किया जाएगा। बता दें कि एक दिन पहले ईडी ने चैतन्य बघेल को उनके भिलाई-तीन स्थित निवास से गिरफ्तार कर लिया था। बहरहाल उन्हें 5 की रिमांड पर पूछताछ के लिए रखा गया है। शनिवार को भी पूछताछ जारी रही। खबर है कि शराब घोटाले के कई आरोपियों के सामने बैठाकर उनसे पूछताछ की गई।

**22 जुलाई को चक्काजाम की तैयारी, जुटेंगे कांग्रेस के दिग्गज नेता**



### दुर्ग में घटना की निंदा, सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग का विरोध

दुर्ग में पूर्व विधायक अरुण वोरा के नेतृत्व में पुतला फूंका गया। गिरफ्तारी की निंदा की गई। सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग पर विरोध दर्ज कराया गया। वोरा ने कहा कि कांग्रेस नेताओं के बढ़ते प्रभाव और लोकप्रियता से भाजपा घबराई हुई है। अब ईडी और अन्य केंद्रीय एजेंसियों के सहारे बदले की राजनीति कर रही है। पूर्व महापौर आरएन वर्मा ने भी घटना की निंदा की। इस अवसर पर पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, अय्यूब खान, रत्ना नारमदेव, राजेंद्र साहू, परमजीत सिंह भुई, पोषण साहू, संजय कोहले, भोला महोबिया, दीपक साहू, नासिर खोखर सहित अन्य मौजूद थे।

### पाटन में पुतला दहन के दौरान पुलिस के साथ झूमाझटकी

**पाटन।** कांग्रेस ने कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी का पूरजोर विरोध किया है। अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में कांग्रेसियो ने शनिवार को पाटन के आत्मानंद चौक में पहले सभा की। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, अडानी व भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर पुतला दहन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झूमाझटकी भी हुई। ठाकुर ने कहा कि विधानसभा सत्र के आखिरी दिन छापा मारने की कार्रवाई साजिश है। भूपेश बघेल रायगढ़ जिले के तमनार तहसील में अडाणी समूह की कोयला खदान परियोजना के लिए पेड़ों की कटाई का मुद्दा उठाना चाह रहे थे। यह खदान महाराष्ट्र राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड को आवंटित है, जिसने एमडीओ (खदान विकासकर्ता सह संचालक) का ठेका अदाणी समूह को दिया है। इस वजह से यह कार्रवाई की गई। प्रदर्शन के दौरान पूर्व ओएसडी आशीष वर्मा, महेंद्र वर्मा, राजेश ठाकुर, हेमंत देवांगन, जवाहर वर्मा, पूर्व मंडी अध्यक्ष अश्वनी साहू, जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू सहित अन्य मौजूद थे।



### रिसाली में कांग्रेसियों का फूटा गुस्सा, जमकर नारेबाजी



**भिलाई।** रिसाली में कांग्रेसियों ने ईडी का पुतला दहन किया। रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री के घर बार- बार ईडी का छापा मारा जा रहा है। भाजपा सरकार के इशारे पर ईडी जांच के लिए पहुंच रही है। यह डराने की साजिश है। कांग्रेस इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। हर मोर्चे पर इसका विरोध किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान अध्यक्ष मुकुंद भाऊ , महामंत्री चंद्रकांत कोरे, सनीर साहू, अनिल देशमुख, ममता यादव, जमुना ठाकुर, रोहित धनकर,पार्षद सोनिया देवांगन, विनय नेताम, अनूप डे, चन्द्रभान ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

### कुम्हारी में स्टेशन चौक पर प्रदर्शन, पुतला जलाकर दर्ज कराया विरोध

**कुम्हारी।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुम्हारी के तत्वावधान में शनिवार को स्टेशन चौक कुम्हारी में बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकताओं ने ईडी का पुतला फूंका गया। वहीं विरोध प्रदर्शन करते हुए कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने एक सुर में ईडी के कार्यप्रणाली पर संदेह जताते हुए भारी रोष जताया। इस मौके पर प्रदर्शन में उपस्थित खैरागढ़ की विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि प्रदेश में जिस तरह से जंगलों की कटाई की जा रही है। संस्थानों को निजी हाथों में सौंपा जा रहा है। यह चिंता का विषय है। कार्रवाई निंदनीय है। कांग्रेस कार्यकर्ता इसका पुरजोर विरोध करते हैं। आने वाले समय में पार्टी नेतृत्व के आदेशानुसार कार्यकर्ता सड़क की लड़ाई लड़ने के लिए मजबूर होंगे। विरोध प्रदर्शन करने वालों में अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत, स्वप्निल उपाध्याय, राजेश्वर सोनकर, नेता प्रतिपक्ष जानकी ध्रुव, विधायक प्रतिनिधि रामकुमार चक्रधारी, विनोद साहू, गिरीश देवांगन, पार्षद डिकेन्द्र साहू, लेखराम साहू सहित अन्य शामिल थे।



## एक पेड़ मां के नाम अभियान, विधायक गजेन्द्र यादव ने किया पौधारोपण



**दुर्ग।** दुर्ग वनमंडल द्वारा नगर सेनानी कार्यालय में आज एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृहद स्तर पर पौधारोपण किया गया। परिसर को ग्रीन जोन के रूप में विकसित करने विधायक गजेन्द्र यादव ने स्वयं पौधा रोपे। इसके बाद अन्य जनप्रतिनिधियों और स्काउट्स-गाइड्स कैडेट्स ने साथ मिलकर फलदार और छायादार पौधा रोपित किया। पर्यावरण संरक्षण के प्रति आम जनमानस को प्रेरित किया। इस दौरान विधायक और कलेक्टर ने स्काउट्स के उत्कृष्ट कैडेट्स को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर रचनात्मक गतिविधियों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने उनका उत्साहवर्धन किया। यादव ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम सिर्फ एक पौधारोपण अभियान नहीं, इसमें भावनाएं है, जिसमें कृतज्ञता, प्रेम और प्रकृति के प्रति सम्मान की जड़ें हैं। आने वाली पीढ़ियों को हरियाली से जोड़ने तथा जलवायु संकट से निपटने में सामाजिक भागीदारी सुनिश्चित करते हुए एक पौधा रोपित कर उसके संरक्षण करने आव्हान किया। इस अवसर पर सभापति श्याम शर्मा, जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, कलेक्टर अभिजीत सिंह, वन मंडलाधिकारी दीपेश कपिल, वन रक्षक एम. मारिबेला सहित अन्य मौजूद थे।

## सीन ऑफ क्राइम में फिंगरप्रिंट और फोटोग्राफी को लेकर कार्यशाला



**भिलाई।** बढ़ते अपराध को लेकर सेक्टर 6 स्थित कला मंदिर सिविक सेंटर में सीन ऑफ क्राइम में फिंगर प्रिंट और फोटोग्राफी को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस दौरान एसएसपी विजय अग्रवाल, फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट राकेश नरवरे, फोटोग्राफर मोहम्मद वशीम पुलिस मुख्यालय मौजूद थे। एसएसपी विजय अग्रवाल ने ट्रेनिंग में कहा कि सीन ऑफ क्राइम में घटना स्थल झूठ नहीं बोलता, साक्ष्य कैसे पेश किया जाए यह फोटोग्राफी से संभव है। फोटोग्राफी को सीन ऑफ क्राइम के साथ सिक्रोनाइज करना चैलेंज है। हर थाने में फिंगरप्रिंट उठाने का किट उपलब्ध है।

घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित करने के लिए आवश्यक है। हर थाने में इस विषय के 3-4 कर्मचारी हो,इसकी प्रेक्टिकल कराई जाए। फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट रमेश कुमार नरवरे ने कहा कि क्राइम सीन को कैसे प्रिजर्व किया जाता है और साक्ष्य के रूप में कैसे उपयोग में लाया जाता है।विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया, घटनास्थल में फिंगर प्रिंट तीन प्रकार से पाए जाते है रंगीन (विजिबल), इनविजिबल,नग्न ऑखों से दिखाई नहीं देता, मैग्नीफाईन ग्लास से दिखाई देता है। फिंगर प्रिंट, बलगर विजिटिंग कार्ड टाइप होता ह। मोल्डेड फिंगरप्रिंट, प्लास्टिक फिंगर प्रिंट (सांचा ढलाई वाला फिंगरप्रिंट), जहॉ पर नया-नया पेंट किया गया हो। प्रशिक्षण में ग्रामीण एएसपी अभिषेक झा, सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी, डीएसपी पुलिस लाइन चन्द्र प्रकाश तिवारी, निरीक्षक नीलकंठ वर्मा समेत पुलिस कर्मि मौजूद थे।

## कच्ची सड़क व गड्ढों में डाला जाए डस्ट

**कहीं भी जमा न हो बारिश का पानी, निर्णय**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र में स्वीकृत विकास कार्यों की प्रगति को लेकर लोककर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर ने गुरुवार को निगम कार्यालय में एक समीक्षा बैठक आयोजित की। इस बैठक में सभी ज़ोन इंजीनियर, उपयंत्री सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। चन्द्राकर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि नगर क्षेत्र में चल रहे सभी निर्माण व विकास कार्यों को तय समयसीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता को मूलभूत सुविधाएं देने में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में बरसात के मौसम के कारण उत्पन्न हो रही जलभराव की समस्या पर भी विशेष चर्चा हुई। प्रभारी ने अभियंताओं को निर्देश दिए कि ऐसे स्थानों की पहले से पहचान कर आवश्यक नाली निर्माण, मरम्मत एवं सफाई के कार्य प्राथमिकता पर पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि तकनीकी कमियों के कारण जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए पूर्व तैयारी ज़रूरी है।

- **लोककर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर ने अधिकारियों की ली बैठक, दिए निर्देश**
- **निचली बस्तियों में जमा ना हो बारिश का पानी**

### सभी 60 वार्डों में व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

चंद्राकर ने नगर निगम क्षेत्र के 60 वार्डों की कच्ची सड़कों पर डस्ट (मिट्टी) डलवाने के कार्य को सतत रूप से जारी रखने के निर्देश भी दिए, ताकि बरसात के दौरान नागरिकों को आवागमन में परेशानी न हो। उन्होंने अधिकारियों को यह भी कहा कि शहर में जो भी कार्य अधूरे हैं, उन्हें शीघ्रता से पूर्ण करें और नियमित रूप से निगरानी रखें। बैठक के दौरान कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, आरके जैन, संजय ठाकुर, हरिशंकर साहू, अर्पणा मिश्रा, पंकज साहू, विकास दमाहे, प्रेरणा दुबे व विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान लंबित कामों को लेकर भी चर्चा की गई।

## इस्पात नगर रिसाली में बीएसपी ने हटाए कब्जे

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग ने शनिवार को इस्पात नगर रिसाली में अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई की। यहां जेसीबी मशीनों के माध्यम से स्थाई कब्जे को तोड़ा गया। इस दौरान कब्जेधारकों द्वारा बीएसपी अधिकारियों से विवाद भी हुआ जिसे पुलिस की सहायता से सुलझा लिया गया। संपदा न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 867/2025 में आदेश 4 जुलाई के आधार पर यह कार्यवाही की गई। पक्के मकान को जेसीबी से तोड़ा गया। संदर्भित आदेशानुसार वार्ड नम्बर 29 इस्पात नगर रिसाली भिलाई स्थित बी.एस.पी. की भूमि से अवैध कब्जाधारियों के विरूध्द संपदा न्यायालय द्वारा डिक्री आदेश जारी कर अवैध कब्जाधारियो की बेदखली हेतु निर्देश जारी किया गया था। संपदा न्यायालय के आदेश के अनुपालन में प्रवर्तन अनुभाग की टीम पहुंची। इस दौरान नेवई थाना प्रभारी कमल सिंह सेंगर सहित महिला पुलिस व पुलिस बल की उपस्थिति तथा कार्यपालक मजिस्टेट दिलेश्वर साहू के निर्देश एव उपस्थिति भी रही। कार्यवाही में महाप्रबंधक नगर सेवाएं के के यादव की मौजूदगी में भूमि अनुभाग के सर्वेक्षक डाकेश्वर परगनिहा, त्रिभुवन कौशिक के भूमि चिन्हांकन पश्चात कार्यवाही की गई। 150 लोगो की टीम कार्रवाई में शामिल रही।

- **विरोध के बीच हुई कार्रवाई**

## कमिश्नर ने 9वीं के विद्यार्थियों से सुना पहाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

संभाग आयुक्त एसएन राठौर ने दुर्ग जिले के विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम बेलौदी स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और आंगनबाड़ी केन्द्र तथा ग्राम नगपुरा स्थित ग्राम पंचायत एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। साथ ही संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान दुर्ग एसडीएम हरवंश सिंह मिरी भी मौजूद थे। संभाग आयुक्त श्री राठौर ने उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलौदी में कक्षा नवमीं, दसवीं एवं बारहवीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों से रू-ब-रू चर्चा कर शिक्षण व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित विद्यालय आने और शिक्षकों द्वारा कराये जा रहे अध्यापन अच्छी तरह समझने की समझाइश दी। यदि पाठ्यक्रम समझ में न आए तो शिक्षकों से पुनः अध्यापन कराने अनुरोध करें। संभाग आयुक्त श्री राठौर ने कक्षा नवमीं के विद्यार्थियों से 13 एवं 19 के पहाड़े सुने। उन्होंने असहज पूर्वक प्रस्तुति पर असंतोष व्यक्त करते हुए विद्यालय के प्राचार्य को निर्देशित किया कि स्कूल के शिक्षक विद्यार्थियों को गंभीरतापूर्वक पाठ्यक्रम का अध्यापन करायें। संभाग आयुक्त श्री राठौर ने शिक्षकों की उपस्थिति पंजी का भी अवलोकन किया। प्राचार्य श्रीमती कुमुद सिंह ने विद्यालय के शैक्षणिक सुविधाएं एवं व्यवस्था से अवगत कराया। उन्होंने विद्यालय की समस्याओं की ओर संभाग आयुक्त का ध्यान आकृष्ट किया। संभाग आयुक्त श्री राठौर ने बेलौदी स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 1 का निरीक्षण किया। मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रोहिणी देशमुख और सहायिका सुमीन ठाकुर ने बच्चों की उपस्थिति और आंगनबाड़ी के गतिविधियों से संभाग आयुक्त को अवगत कराया। संभाग आयुक्त श्री राठौर ने बच्चों को दी जाने वाली पोषक आहार एवं पेयजल पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। ग्राम पंचायत नगपुरा में निरीक्षण के दौरान संभाग आयुक्त श्री राठौर ने पंचायत के रोकड़ बही पंजी का निरीक्षण किया और पंचायत सचिव को स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण और पौधरोपण जैसे कार्यों को विशेष महत्व देने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने ग्रामवासियों से रू-ब-रू चर्चा कर पंचायत से संबंधित समस्याओं की जानकारी ली।

- **प्राचार्य को गंभीरतापूर्वक अध्यापन कराने कहा**



**19 उर्वरक विक्रय केन्द्रों का बेचने पर लगा प्रतिबंध**

## संभाग में डिमांड का 80 प्रतिशत उर्वरक उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

दुर्ग संभाग में अच्छी बारिश होने के कारण खरीफ 2025 में फसलों की बोनी का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। धान की रोपाई का कार्य जारी है। खाद, बीज की उपलब्धता समय पर सुनिश्चित किये जाने कृषि विभाग द्वारा बीज एवं खाद के भण्डारण वितरण की नियमित रूप से समीक्षा की जा रही है।

- **विभिन्न जिलों को प्रदाय करने रेक लगेगी**

संयुक्त संचालक कृषि के अनुसार दुर्ग संभाग में अप्रेल 2025 से 18 जुलाई तक मांग के विरूद्ध



80 प्रतिशत उर्वरक उपलब्ध कराया जा चुका है। यूरिया 99362 मि. टन, डीएपी 33856 मि. टन, एसएसपी 66818 मि. टन, पोटाश 26405 मि. टन एवं एनपीके 46079 मि. टन मार्कफेड द्वारा संभाग के डबल लॉक एवं सहकारी समितियों में भण्डारित कराया गया है। कुल 272519 मि.टन उर्वरक उपलब्धता के विरूद्ध 216908 मि. टन का किसानों को वितरण कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से किया जा चुका है। आगामी 2-3 दिनों में यूरिया 5199.59 मि. टन एवं डीएपी 1350 मि. टन संभाग के विभिन्न जिलों को प्रदाय करने रेक लगने वाली है।

इस वर्ष डीएपी खाद की उपलब्धता सीमित होने के कारण किसानों को वैकल्पिक खाद के रूप में एसएसपी और एनपीके खाद अपनाने की सलाह दी जा रही है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के अनुशंसा अनुसार प्रति एकड़ संतुलित उर्वरक उपयोग के विकल्प से संबंधित पोस्टर बैनर सभी समितियों में लगाया गया है। एक बोरी डीएपी के स्थान पर 20 किग्रा. यूरिया और डेढ़ बोरी (75 किग्रा.) एसएसपी का उपयोग कर किसान डीएपी के बराबर पोषक तत्वों की पूर्ति फसल में कर सकते हैं। इससे किसान को एक बोरी डीएपी की लागत राशि 1350 रूपए की तुलना में राशि 892 रूपए ही वहन करना पड़ेगा। समस्त निजी कृषि केन्द्रों एवं सहकारी समितियों का मैदानी अमलों और उर्वरक निरीक्षकों द्वारा अभियान चलाकर निरीक्षण किया जा रहा है। संभाग में 18 जुलाई 2025 की स्थिति में 19 उर्वरक विक्रय केन्द्रों का विक्रय प्रतिबंध, 03 विक्रय केन्द्रों का लायसेंस निलंबन एवं 01 विक्रय केन्द्र का लायसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही की जा चुकी है।

## कथा में पेयजल और सफाई व्यवस्था संभालेगा निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर पालिक निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय द्वारा सिविक सेंटर समीपस्थ जयंती स्टेडियम, शिव महापुराण कथा स्थल का निरीक्षण आयोजन समिति के अध्यक्ष उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह के साथ किया गया है। निगम आयुक्त द्वारा पूरे स्थल का भ्रमण कर कथा स्थल एवं आसपास आवश्यक साफ सफाई, पेयजल, पानी निकासी, शौचालय एवं अन्य व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया है। भ्रमण के दौरान जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, सहायक अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जोन स्वास्थ्य अधिकारी सागर दुबे, आयोजन समिति के सदस्य गण एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

- **आयुक्त राजीव पांडेय ने शिवमहापुराण कथा स्थल का किया निरीक्षण**

निगम आयुक्त द्वारा खमरिया स्थित सूर्य विहार के पीछे प्रधानमंत्री आवास योजना से निर्मित मकानों में मूलभूत सुविधाओं का सहायक अभियंता दीपक देवांगन के साथ निरीक्षण कर रहवासियों से जानकारी प्राप्त किया गया है। सभी निवासरत संतुष्ट हैं उपस्थित रहवासियों के साथ सभी श्रमदान कर आगामी शनिवार को वृक्षारोपण हेतु तिथि तय किया गया है।

**खबर संक्षेप**

### लायंस क्लब का शपथ ग्रहण व चार्टर दिवस समारोह संपन्न

**कवर्धा।** लायंस क्लब के सत्र 2025-26 के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण व चार्टर दिवस समारोह 19 जुलाई शनिवार को होटल छप्पन भोग में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रिपुदमन सिंह पुसरी थे। शपथ अधिकारी पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रंजना क्षेत्रपाल ने सभी पदाधिकारियों को रूचिकर अंदाज में प्रोत्साहित करते हुए अध्यक्ष प्रेमचंद श्रीश्रीमाल, सचिव हरीश गाँधी, कोषाध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता, प्रथम उपाध्यक्ष आनंदप्रकाश दानी, द्वितीय उपाध्यक्ष गुरदीप अरोरा एवं अन्य पदाधिकारियों को लायनवाद के सिद्धांतों के अनुरूप वर्ष भर वंचित अभावग्रस्त जन की यथासंभव सेवा में जुटे रहने की शपथ दिलाई। विशिष्ट अतिथि रीजन चैयरपर्सन शांतिलाल शर्मा थे। सभा का संचालन करते हुए नीरज मंजीत छाबड़ा ने बताया कि नगर का लायंस क्लब 1981 में गठित हुआ था एवं आज 45 वें वर्ष में प्रवेश करते हुए हम कह सकते हैं कि इस क्लब ने सेवा कार्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। जिसके मद्देनजर इंटरनेशनल प्रेसीडेंट भारत के एपी सिंह ने लक्ष्य निर्धारित किया है कि इस लायनिस्टिक वर्ष में यह तादाद 15 लाख के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंचाना है

## श्रावण मास के बाद तालाबों की सफाई का कार्य आरंभ किया जाएगा

# नपा अध्यक्ष एवं टीम ने भोरमदेव मंदिर परिसर में किया स्वच्छता श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के नेतृत्व में स्वच्छता संकल्प की परिकल्पना को आगे बढ़ाते हुए भोरमदेव मंदिर परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत अध्यक्ष एवं उनकी टीम ने स्वयं श्रमदान करते हुए मंदिर परिसर, गलियारों, कांवरिया मार्ग एवं मंदिर के अंदरूनी हिस्सों की सफाई की। वही श्रावण मास के बाद फिर से तालाबो में होगा श्रमदान उन्होंने बताया कि जल संरक्षण की दिशा में भी गंभीर पहल की जा रही है हमारी टीम द्वारा अब तक 14 रविवार को तालाबो में श्रमदान किया जा चुका है श्रावण मास के बाद तालाबों की सफाई का कार्य आरंभ किया जाएगा, ताकि वर्षा जल का संरक्षण बेहतर ढंग से किया जा सके और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ जल स्रोत उपलब्ध हो सकें। श्रमदान में नगर पालिका अध्यक्ष के साथ जिला पंचायत के उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, सभापति दुर्गेश अवस्थी, बिहारी राम धुर्वे, अजय ठाकुर, पार्षद डोनेश राजपूत, योगेश चन्द्रवंशी, दीपक सिन्हा, मनीषा साहू, सुरेंद्र पांडेय, अनिल साहू, केशरीचंद सोनी, हरीश साहू सहित अधिक संख्या में अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### भोरमदेव पवित्र स्थल की सफाई हम सब की जिम्मेदारी-चंद्रप्रकाश



नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और लोगों को अपने धार्मिक स्थलों की सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित करना था। श्रमदान के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने स्वच्छता का संदेश फैलाने और इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लिया। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि स्वच्छता सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि एक जन आंदोलन है। भोरमदेव जैसे पवित्र स्थलों की सफाई हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। इस पवित्र श्रावण मास में छतीसगढ़ सहित आसपास के हजारों श्रद्धालु कांवड़ लेकर बाबा भोरमदेव का दर्शन करने पहुंचते है और अपनी मनोकामना के लिए बाबा से अर्जी लगाते है बाबा भोरमदेव भगवान सभी का मनोकामना पूर्ण भी करते है।

### श्रावण मास के प्रत्येक रविवार को भोरमदेव मंदिर में होगा स्वच्छता श्रमदान

स्वच्छता एवं जनजागरूकता की दिशा में लगातार प्रयास जारी हैं। इसी क्रम में भोरमदेव मंदिर परिसर में चलाए गए स्वच्छता अभियान के दौरान अध्यक्ष श्री चंद्रवंशी ने बताया की कि श्रावण मास के प्रत्येक रविवार को मंदिर परिसर में सफाई कर श्रमदान किया जाएगा। उन्होंने कहा श्रावण मास शिवभक्तों के लिए विशेष महत्व रखता है, और इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर की स्वच्छता सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। यह न सिर्फ भक्ति का प्रतीक है, बल्कि स्वच्छता के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने का माध्यम भी है।

## उपमुख्यमंत्री का जन्मदिन नाईट ब्रदर्स टीम ने धूमधाम से मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का जन्मदिन इस बार एक विशेष अंदाज में मनाया गया। नाईट ब्रदर्स टीम ने उनका आत्मीय स्वागत करते हुए जन्मदिन का भव्य आयोजन किया। इस अवसर पर टीम के सदस्यों ने न सिर्फ उन्हें शुभकामनाएं दीं, बल्कि एक गरिमामय समारोह का आयोजन कर उनका जन्मदिन बेहद खास बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री शर्मा के आगमन के साथ हुई जहाँ नाईट ब्रदर्स टीम के सदस्यों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। उप मुख्यमंत्री के मिलनसार और सहज स्वभाव के चलते पूरे कार्यक्रम का वातावरण आत्मीयता और उत्साह से भरा रहा। इसके पश्चात श्री शर्मा ने जन्मदिन का केक काटा, और उपस्थित सभी लोगों ने तालियों और शुभकामनाओं के साथ इस पल को सेलिब्रेट किया। उपमुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अपने विचार भी साझा किए। उन्होंने कहा कि आप सभी का प्रेम और स्नेह ही मेरी असली ताकत है। नाईट ब्रदर्स जैसी युवा और ऊर्जावान टीम द्वारा इस तरह से जन्मदिन मनाना मेरे लिए गौरव की बात है। समारोह का समापन एक सामूहिक फोटो के साथ हुआ, जिसमें सभी ने उपमुख्यमंत्री के साथ यादगार पल साझा किए। इस अवसर पर शैलेंद्र उपाध्याय, चंद्रशेखर शर्मा, संजीव पांडेय, गुरुजीत सिंह, अविनाश ठाकुर, महेश मिश्रा, हरीश नाहटा, श्रीकांत उपाध्याय, भवानी राजपुरोहित, राजीव केशरी, हेमंत चंद्रवंशी, टिकेश्वर दुबे, अमन ठाकुर सहित नाईट ब्रदर्स टीम के सदस्य उपस्थित थे।

# पौधा रोपित कर पर्यावरण को संरक्षित करने अपील की गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

पर्यावरण संरक्षण समिति पंडरिया के साथ श्री हरि महिला समूह बैरासीन चौक पंडरिया के सदस्यों ने रविवार को नगर के बांधा तालाब में आंवला का एक पौधा रोपित कर लोगों को पौधारोपण व पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। साथ ही पौधों व पर्यावरण संरक्षण करने की बात कही। इसी तरह नगर के निवासी सोनू ठाकुर द्वारा भी समिति के सदस्यों के साथ नगर के कॉलेज परिसर में पीपल व जामुन का दो पौधे रोपित कर लोगों से पौधारोपण करने की अपील की गई। वही सोनू ठाकुर द्वारा प्रति वर्ष छोटे पौधे को गमले में तैयार कर बड़ा किया जाता है, जिसके पश्चात समिति के साथ बाहर रोपित किया जाता है। श्री ठाकुर ने सभी लोगों को पौधारोपण करने की अपील की। इस अवसर पर समिति के मोहन राजपूत, अनुराग सिंह ठाकुर, गोविंद रजक, मोहन सिंह, एसएल कुर्रे व राजीव श्रीवास्तव, निशि पाण्डेय, पूजा पाण्डेय, श्रद्धा शर्मा, रेखा अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, चित्रा पांडेय, छोटी गुप्ता, शौर्या, श्रवि, साक्ष्य, आरव उपस्थित थे।

# जिले में 70 अंशकालीन शाला संगवारी शिक्षक विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा जाति के युवक-युवतियां हुए बेरोजगार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुई कुकदूर

कबीरधाम जिले में वर्ष 2019 से कार्य कर रहे विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा जाति के अंशकालीन शाला संगवारी युवक-युवतियाँ शिक्षा सत्र 2025-26 में बेरोजगार हो गए हैं। जिस समय कबीरधाम जिले के वनांचलों में शिक्षक विहीन व एकल शिक्षकीय विद्यालय था उस समय उन स्कूलों में अध्यापन कराकर बेहतर परिणाम व गुणवत्ता दिए थे। लेकिन आज उनके ऊपर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

उनको रोजगार नहीं मिल रहा है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति काफी कमजोर हो गई है। जिससे उनको भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पिछले सत्र नवंबर माह में सांसद राजनांदगांव लोकसभा संतोष पाण्डेय के सौजन्य से प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री से नियमितीकरण के लिए मुलाकात मुख्यमंत्री निवास में किए थे मुख्यमंत्री ने सहमति भी जताई थी इसके बाद कलेक्टर कबीरधाम ने शिक्षा सचिव स्कूल शिक्षा विभाग को नियमितीकरण के लिए प्रस्ताव भेजा है लेकिन अभी तक उसकी कोई जानकारी नहीं आया है। और वर्तमान शिक्षा सत्र 2025-26 में पुनः कार्य में रखने के लिए शाला संगवारियों के द्वारा दिनांक 02 जुलाई 2025 को सांसद पांडेय से मुलाकात किये उसके बाद सांसद तत्काल फोन लगाकर कलेक्टर कबीरधाम को निर्देशित किये की शाला संगवारियों को पुनः यथावत उन्हीं शालाओं में जल्द कार्यवाही कर नियुक्ति देने कहा और उसके बाद हम लोग कलेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन दिए हैं जिस पर कलेक्टर जल्द कार्य में रखने के लिए आश्वासन दिए हैं परंतु गुहार लगाने के 02 सप्ताह गुजर जाने के बाद भी आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। और इधर घर में समाज में स्कूल के बच्चे फोन लगाकर पूछते हैं आप लोग स्कूल पढ़ाने कैसे नहीं जाते हो करके जो कि हम लोग मानसिक रूप से काफी परेशान हैं। हम लोग 06 वर्ष काम कर चुके हैं हमारे पास रोजगार नहीं है उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन, सांसद, विधायक पण्डरिया व शासन-प्रशासन से हमारी मांग है हम लोगों को पुनः काम में रखा जाए हम लोग आपके सदैव आभारी रहेंगे।

## 27 सदस्यीय टोली के साथ 105 किलो मीटर की कांवड़ यात्रा पर निकले तुकाराम चंद्रवंशी



हरिभूमि कवर्धा। देवों के देव भगवान महादेव की भक्ति के लिए समर्पित श्रावण के पवित्र महिने में कबीरधाम जिले के शिवभक्तों में भारी उत्साह और शिव भक्ति देखने को मिल रही है। श्रावण के इस पवित्र मास में बड़ी संख्या में जिले भर के शिवभक्त मां नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक, मध्यप्रदेश के मण्डला सहित बाबा बैजनाथ धाम तक पहुंचकर कांवड़ यात्रा और भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर रहे हैं। इसी कड़ी में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चंद्रवंशी क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि एवं मंगलकामना के संकल्प के साथ पवित्र गंगाजल लेकर बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए रवाना हुए हैं। कांवड़ यात्रा में निकले श्री चन्द्रवंशी ने बताया कि यह 105 किलो मीटर की कठिन पैदल कांवड़ यात्रा भक्ति, समर्पण और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक है। श्री चंद्रवंशी ने बताया कि यह कांवड़ यात्रा दल भोरमदेव बोल बम समिति के संयोजक रवि शर्मा की अगुवाई में कबीरधाम से 18 जुलाई को रवाना हुआ था। रविवार को यात्रा के दूसरे दिन लगभग 35 किलो मीटर की यात्रा पूरी की जा चुकी है। यह संकल्प यात्रा बाबा बैद्यनाथ धाम में जलाभिषेक के साथ पूर्ण होगी। उन्होंने बताया कि यह यात्रा कबीरधाम जिला एवं समस्त क्षेत्रवासियों की सुख-शांति और समृद्धि के लिए समर्पित है। उन्होने कहा कि यह केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि सामाजिक सौहार्द, संकल्प और सेवा भावना का सशक्त उदाहरण भी है। इस पवित्र कांवड़ यात्रा में कबीरधाम जिले के नीलमणी चंद्रवंशी, अनिल वर्मा, धरमपाल आहूजा, लोकेश देवांगन, दिनेश शर्मा, मनोज गुप्ता, मनोज तिवारी, मोपाल ठाकुर, राकेश चंद्रवंशी, आशीष चंद्रवंशी, विशु चंद्रवंशी, खिलेंद्र चंद्रवंशी, अवधेश ठाकुर, पुखराज देवांगन, बिजेंद्र भारती सहित कुल 27 कांवड़िया शामिल हैं।

## लालटेन युग में वापसी का षडयंत्र रचा जा रहा है: नवीन जायसवाल

- बिजली दर में वृद्धि अघोषित कटौती का लालटेन ले कर कांग्रेस ने किया विरोध।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डातराई

बिजली के मुद्दे को ले कर पंडरिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया गया। बिजली की दर में और अघोषित कटौती को ले कर पांडातराई बिजली आफिस का घेराव किया गया। इसके बाद विरोध स्वरूप बिजली अधिकारी को लालटेन भेंट कर विरोध दर्ज कराया गया। कांग्रेस के इस आंदोलन को देखते हुए पुलिस ने पहले से ही आफिस का मुख्य गेट बंद कर दिया था। साथ ही पुलिस की तगड़ी व्यवस्था की गई थी। पंडरिया ब्लॉक के शहर व ग्रामीण इलाकों में लगातार अघोषित बिजली कटौती हो रही है, वही राज्य सरकार ने एक बार फिर से बिजली की दरों में बेहिसाब बढ़ोतरी कर दी है। इसके अलावा स्मार्ट मीटर लगने के बाद लोगों के अधिक बिल आने लगे हैं।





उक्त सभी मुद्दों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया ने पांडातराई जेई कार्यालय का घेराव किया गया। घेराव के पूर्व धरना प्रदर्शन कर प्रदेश की भाजपा की साय सरकार पर कांग्रेस नेताओं ने जमकर भड़ास निकाली।

पंडरिया ब्लॉक अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब से प्रदेश भाजपा की सरकार बनी है तबसे बिजली के दरों में बार-बार अनावश्यक बढ़ोतरी की जा रही है। ऊपर से मोदी के मित्र अडानी का स्मार्ट मीटर लगाकर आम जनता का शोषण किया जा रहा है। बार-बार बिजली गुल कर सत्तर साल पहले की लालटेन युग में वापसी का षड्यंत्र रचा जा रहा है । पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत ग्रामीण अंचलों में लगातार हो रही अघोषित विद्युत कटौती पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए पूर्व विधायक ममता चंद्राकर ने भाजपा सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि सरकार की उदासीनता और लापरवाह रवैये के चलते गांवों में घंटों बिजली गायब रहती है, जिससे किसान, विद्यार्थी, व्यापारी और आम नागरिक सभी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। सिंचाई व्यवस्था चरमरा गई है, घरेलू कामकाज बाधित हो रहे हैं और ग्रामीण जनता त्रस्त है। पूर्व विधायक ने सवाल उठाया कि जब छत्तीसगढ़ बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर है, तो फिर जनता को अंधेरे में क्यों रखा जा रहा है? यह सरकार की विफलता और जनविरोधी सोच को दर्शाता है। ममता चंद्राकर ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो कांग्रेस जन संघर्ष के लिए बाध्य होंगे और जनता के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा। इस सभा को कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री अर्जुन तिवारी, पूर्व मंडी अध्यक्ष लालजी चन्द्रवंशी, शितेष चन्द्रवंशी, रवि चन्द्रवंशी, मनीष शर्मा सहित कई बड़े नेताओं ने सम्बोधित किया। इस घेराव में दिनेश कोशरिया, गुरुदत्त शर्मा, सत्रुघन चंद्रवंशी, शिव गुप्ता, अमन पाटस्कर, गौतम शर्मा, पुष्कर लहँगीर, जुगल पांडेय, नंद पांडेय, देवेंद्र डाहीरे, प्रदीप जायसवाल, चेतन वर्मा, पुष्कर ठाकुर, बिल्लू खान, ढिंढोरे बंजारे, सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता व आमजन उपस्थित थे।

## महिला विधायक पहली बार 151 किलोमीटर की कावड़ पदयात्रा करेंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

ग्रामीण क्षेत्रों में चर्चा बनी हुई है की पहली बार पंडरिया के उत्कृष्ट विधायक भावना बोहरा के द्वारा 151 किलोमीटर की कावड़ पदयात्रा करेंगे जिसमें मां नर्मदा नदी से अमरकंटक में बाबा भोलेनाथ का दर्शन कर जल अभिषेक कर विधि विधान से पूजा अर्चना कर अपने विधानसभा क्षेत्र की खुशियाली गांव के सुख शांति की कामना करते हुए अमरकंटक से कावड़ पदयात्रा लेकर जलेश्वर महादेव डोगरिया, भोरमदेव मंदिर पहुंचेंगे जो एक सुर्खियों में है एवं काफी उत्सव नजर आ रहे हैं क्षेत्र में जिसकी चर्चा पूरे ग्रामीण क्षेत्र में हो रहा है आज पंडरिया विधानसभा की विकास के लिए विधानसभा में लगातार आवाज उठाने वाली उत्कृष्ट क्षेत्रीय विधायक भावना बोहरा का कावड़ लेकर 151 किलोमीटर की पदयात्रा करेगी यह पहली महिला विधायक है जो 151 किलोमीटर की पदयात्रा करेगी गांव की सुख शांति समृद्धि खुशियाली के लिए आज विधायक के द्वारा बोल बम का कावड़ियों के लिए विशेष रूप से भावना बोहरा के द्वारा रुकने रहने के लिए बोल कांवरियों के लिए भवन व्यवस्था एवं भोजन की व्यवस्था निःशुल्क सेवा दिया जा रहा है।

## जिला सीईओ अजय त्रिपाठी ने लगाएं पेड़ स्कूली छात्रों से की पौधा रोपण की अपील

# पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल पोड़ी में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पोंड़ी

जिले में स्थित पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल में शुक्रवार को एक पेड़ मां के नाम वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय त्रिपाठी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान, मुख्य कार्यपालन अधिकारी त्रिपाठी ने एक पेड़ मां के नाम एक पेड़ लगाया और वृक्षारोपण करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और ऑक्सीजन युक्त वातावरण के लिए वृक्षारोपण करना आवश्यक है। उन्होंने स्कूली छात्र-छात्राओं से भी अपील की कि पौधा रोपण जरूर करें। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में पूरे स्कूल परिसर में स्कूल के शिक्षकों और छात्रों के द्वारा 100 से अधिक पेड़-पौधों का रोपण किया गया।



वही कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा, जिला पंचायत सदस्य पूर्णिमा मनीराम साहू, जनपद पंचायत सदस्य सद्भावना रवि वर्मा, सांसद प्रतिनिधि जयराम साहू, भाजयुमो अध्यक्ष अमित वर्मा, भाजपा नेता रामबिलास चंद्रवंशी, सरपंच मिथिलामोति राम साहू सहित सभी जनप्रतिनिधियों ने पेड़ लगाया। और वही राजेंद्र चंद्रवंशी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा एक पेड़ मां के नाम लगाने का अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें हम सबकी सहभागिता होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में स्वच्छ वातावरण का होना आवश्यक है और इसके लिए अधिक मात्रा में पेड़ लगाने की जरूरत है। कार्यक्रम के समापन में शाला विकास समिति के अध्यक्ष वेद और स्कूल के प्राचार्य एनके चंद्रवंशी ने सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम में एसएमडीसी सदस्य रवि निषाद, विजय साहू, सालिक राम, सचिव जोहान साहू, चंदू साहू सहित स्कूल की शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

## शासकीय प्राथमिक शाला मक्के मे बाल कैबिनेट का किया गया गठन

**कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला मक्के में बाल कैबिनेट का गठन किया गया। जिसमें संकुल पथर्रा विकासखंड कवर्धा जिला कबीरधाम में 19 जुलाई दिन शनिवार बैगलैस डे को प्रातः 7:30 से बाल कैबिनेट शाला प्रतिनिधि का गठन प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शालानायक प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री, स्वस्थ मंत्री, स्वच्छतामंत्री, क्रीड़ा खेलमंत्री, वन पर्यावरण वृक्षारोपण मंत्री, सांस्कृतिक प्रभारी, योगा, किचनगार्डन प्रभारी, पास्को कानून प्रभारी, मध्याह्न भोजन उप कक्षा नायक आदि महत्वपूर्ण पदों का लोकतांत्रिक चुनाव प्रणाली शांति पूर्ण ढंग से किया गया। वही कक्षा नायक कुमारी रूपांजली साहू, हिमांशु यादव, सोनम साहू, हिमांशु निषाद, लोकेश साहू, सुभाष साहू, लोकेश्वरी, पूर्णिमा, यश गायत्री, पुष्प कांत, विशाखा, संतोषी, दुर्गेश्वरी, डीकेंद्र, प्रमोद को जिम्मेदरियां दी गई।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

100% CAMPUS PLACEMENT

पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

जी.एन.एम. नर्सिंग
(03 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण



रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
मॉडल टाउन, नेहरू नगर (पूर्व) भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
9300558900, 9300509100

## खबर संक्षेप

### गंगाधर चांडक चेंबर के अध्यक्ष मनोनीत



**साजा।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने साजा इकाई के अध्यक्ष पद पर गंगाधर चांडक को मनोनीत किया। श्री चांडक ने बताया कि छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज को सशक्त बनाने तथा व्यवसायियों एवं उद्यमियों को चेम्बर से जोड़ने में सक्रिय सहयोग निरंतर रहेगा। श्री चांडक की नियुक्ति पर प्रदेश भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के संयोजक एवं पूर्व विधायक छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के संरक्षक लाभचंद बाफना, चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी सहित नगर के व्यापारी संगठन एवं मित्रों ने बधाई प्रेषित की।

### जिले में अब तक 236.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**बेमेतरा।** चालू बारिश सीजन के दौरान बेमेतरा जिले में 01 जून से 20 जुलाई 2025 प्रतिवेदित दिनांक तक की स्थिति में सवेरे 8.00 बजे तक जिले में 236.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तक सर्वाधिक वर्षा तहसील थानखम्हरिया में 305.3 मि.मी. तथा न्यूनतम 134 मि.मी. वर्षा नवागढ़ तहसील में दर्ज की गई है। संयुक्त जिला कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेमेतरा तहसील मे 194.3 मि.मी. वर्षा, नांदघाट तहसील में 284 मि.मी. वर्षा, बेरला तहसील में 249.9 मि.मी., देवकर तहसील में 235.5 मि.मी, वर्षा दाढ़ी तहसील मे 302.3 मि.मी., वर्षा भिंभौरी तहसील में 174 मि.मी. एवं साजा तहसील में 252 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### नेट सेवा कंडम होने से उपभोक्ता हैं परेशान



**बेरला।** ब्लॉक बेरला के कई ग्रामीण अंचल में का नेटवर्क ऐसे है जहां पर इन दिनों स्लो इंटरनेट स्पीड, कॉल ड्राप व क्रॉस कनेक्शन की समस्या उपभोक्ताओं के लिए मुसीबत बन गया है। महंगे-महंगे महीने भर के रिचार्ज करने के बाद भी सही तरह से इंटरनेट नहीं चलना लोगों के लिए मुसीबत बन गए है। बता दें कि जिओ का नेटवर्क आज भी गांवों में मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी नहीं मिलने से अंचल वासी परेशान है। लिहाजा बेरला ब्लॉक के ग्राम पतोरा, मनियारी, मोहभट्ठा, कोदवा, मुड़पार, सलधा, सिंघौरी संडी, भेड़नी, चिखला, पाहन्दा, रवेली, तिवरैया कुम्हि, कोहड़िया आदि ग्रामीण क्षेत्र में जिओ का नेटवर्क व इंटरनेट नहीं चलने से ग्रामीण परेशान है। लोगों का मानना है कि कई बार अचानक जिओ का नेटवर्क कुछ दिनों तक स्लोव रहता है।नेटसेवा कंडम होने से महतारी एक्सप्रेस, संजीवनी 108, एम्बुलेंस, पुलिस थाना 100 डायल की जरूरत पड़ने पर ग्रामीणों को नेटवर्क की तलाश में भटकना पड़ता है।

## पेज 7 के शेष

### देवकर को स्वच्छ ...

किया कि जिस तरह नगर पंचायत देवकर ने पूरे देश में अच्छा प्रदर्शन किया है वैसे ही आगामी वर्षों में भी प्रदर्शन करे और नगर स्वच्छ रहे उसके लिए हमेशा ऐसे ही सहयोग करते रहें।

### सात लीटर शराब ...

और वाहन चालक भी शामिल थे, जिनका योगदान प्रशंसनीय रहा। महिला अधिकारी के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई ने समाज में एक सकारात्मक संदेश दिया है कि महिलाएँ न केवल प्रशासनिक जिम्मेदारियों में अग्रणी हैं, बल्कि अपराधों के विरुद्ध भी निर्भीक रूप से मोर्चा ले रही हैं। निवेदिता मिश्रा की तत्परता, दक्षता और निडरता की क्षेत्र में प्रशंसा हो रही है। जिला आबकारी विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे अवैध शराब के विरुद्ध जागरूक रहें और ऐसी किसी भी गतिविधि की सूचना आबकारी उपनिरीक्षक, बेरला वृत के दूरभाष नंबर पर दें। उनकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

**मिसाल**

**मां गोदावरी आनंद वृद्धाश्रम में 35 महिलाएं और 42 पुरुष निवासरत**

# सांसद विजय ने बुजुर्गों संग बिताया समय, परोसा भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम गोमची (नंदनवन के पास) स्थित मां गोदावरी आनंद वृद्धाश्रम में रविवार को सेवा और मानवीय संवेदना की एक अनूठी मिसाल पेश की गई। दुर्ग के सांसद विजय बघेल अपनी धर्मपत्नी रजनी बघेल के साथ आश्रम पहुँचे और वहाँ रह रहे वृद्धजनों से आत्मीय मुलाकात की। सांसद दंपत्ति ने बुजुर्गों का हालचाल जाना, उन्हें प्रेमपूर्वक भोजन परोसा और उनके साथ बैठकर भोजन भी किया। यह वृद्धाश्रम गोदावरी सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित है, जिसकी संचालिका कल्पना योगेश तिवारी हैं। आश्रम में हीरा सीएसआर फाउंडेशन के सहयोग से निःशुल्क आवास, भोजन, दवाई, वस्त्र आदि की समुचित व्यवस्था की गई है। वर्तमान में यहाँ 35 महिलाएँ और 42 पुरुष निवासरत हैं, जिनकी सेवा के लिए 35 कर्मचारी चौबीसों घंटे समर्पित रहते हैं। किसी भी आपात स्थिति में, सियस हॉस्पिटल, रायपुर में निःशुल्क उपचार की सुविधा भी उपलब्ध है।



**हर कमरे में टीवी और खेल सामग्री की व्यवस्था:** सांसद विजय बघेल ने डॉ. खूबचंद बघेल की 125वीं जयंती के अवसर पर इस विशेष सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया। उन्होंने वृद्धजनों से मिलकर कहा, मैं आप सबका बेटा हूँ। जब भी समय मिलेगा, आपसे मिलने आता रहूंगा। आप अकेले नहीं हैं। सांसद की यह भावुक अपील सुनकर कई बुजुर्गों की आँखें भर आईं। कुछ ने रुंधे गले से अपनी व्यथा साझा की कि कभी उनका भी परिवार था, लेकिन अब अपनों ने ही ठुकरा दिया है, और उन्होंने वृद्धाश्रम को ही अपना घर मान लिया है।

कल्पना योगेश तिवारी ने बताया कि उन्होंने इस आश्रम की स्थापना अपने माता-पिता की स्मृति में की है। यहाँ सिर्फ छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि अन्य राज्यों से भी बुजुर्ग निवास करते हैं। मनोरंजन के लिए हर कमरे में टीवी और खेल सामग्री की भी व्यवस्था है। यह आयोजन न केवल सेवा का संदेश देता है, बल्कि बुजुर्गों के प्रति समाज में आदर, अपनत्व और जिम्मेदारी का भाव भी जाग्रत करता है। सांसद विजय बघेल और उनकी धर्मपत्नी की यह पहल मानवीय मूल्यों की एक सुंदर मिसाल बनकर सामने आई है।

# परपोड़ा-मनियारी और कोहका खुरूसबोड़ में सड़क निर्माण में मनमानी, ग्रामीण भड़के



**बेमेतरा।** लोक निर्माण विभाग साजा उपसंभाग अंतर्गत बेरला ब्लॉक के ग्राम परपोड़ा से मनियारी तथा साजा ब्लॉक के कोहकाबोड़ से खुरूसबोड़ तक पुल सहित निर्माणाधीन सड़कों को लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। इन दोनों सड़क परियोजनाओं के निर्माण में मनमानी और अनियमितताओं के गंभीर आरोप सामने आए हैं। जानकारी के अनुसार, इन सड़कों का निर्माण शासन-प्रशासन द्वारा स्वीकृत कई करोड़ रुपये के बजट से एक ही ठेकेदार एजेंसी द्वारा किया जा रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि निर्माण स्थल पर कहीं भी कार्य का संकेतक बोर्ड या विवरण पट्टिका नहीं लगी है, जिससे भ्रष्टाचार की आशंका और गहराती है।

ग्रामीणों के अनुसार, दोनों सड़कों का कार्य पिछले तीन वर्षों से धीमी रफ्तार और बिना किसी तय समयसीमा या मानक के अनुसार जारी है। निर्माण एजेंसी की मनमानी कार्यशैली से लोगों को भारी परेशानी हो रही है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि अभी निर्माण पूरा भी नहीं हुआ है, और सड़कों पर जगह-जगह दरारें और परतें उखड़ने लगी हैं, जो गुणवत्ता में भारी कमी की ओर इशारा करता है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले वे सड़क निर्माण से खुश थे, लेकिन अब उन्हें गंभीर निराशा हो रही है।

**जिला प्रशासन से जांच व कार्रवाई की मांग:** ग्रामीणों ने मांग की है कि जिला प्रशासन के अधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को स्वयं स्थल पर पहुंचकर वस्तुस्थिति का मुआयना करना चाहिए और गुणवत्ता जांच के साथ दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। इन दोनों निर्माण कार्यों के ठेकेदार से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनकी ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी।

# पिरदा चौक से नपं भिम्भौरी तक नहीं है स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

- शिकायत के बाद भी जनप्रतिनिधि और अधिकारी ध्यान नहीं दे



बेरला विकासखंड अंतर्गत स्थित नगर पंचायत भिम्भौरी के गौरवपथ पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था नही होने से भिम्भौरी नगर से पिरदा व अन्य इलाकों में जाने पर रात में राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वैसे तो सड़को पर स्ट्रीट लाइट लगाने की जवाबदेही विद्युत यांत्रिकी लोक निर्माण विभाग(एण्डम) की होती है, जिसमे बेमेतरा में पदस्थ एसडीओ(सहायक यंत्री) व सब इंजीनियर(उपयंत्री) द्वारा ज़िले के किसी भी नगरीय इलाके में सड़कों की व्यस्तता एवं आवागमन के लिए अहम मार्गो पर जरुरत के हिसाब से स्ट्रीट लाइट की मांग को उच्च विभाग को अवगत करानी होती है, जिसके बाद विभागीय स्वीकृति मिलने के पश्चात की सड़कों को रौशन करने का कार्य किया जाता है। चूंकि नगर पंचायत भिम्भौरी नवीन पंचायत है जो हाल के कुछ वर्षों में ग्राम पंचायत से पदोन्नत होकर नगर पंचायत बना है, जहां पर मूलभूत विकास के सड़क व लाइटो की काफी आवश्यकता है, किन्तु अगर भिम्भौरी नगर पंचायत को देखे तो यहां पीडब्ल्यूडी के एण्डम विभाग द्वारा काफी कार्य की जरूरत है, जिस पर विभाग अफसरों द्वारा ध्यान नही दिया है।

फिलहाल नगर पंचायत भिम्भौरी में रायपुर-बेरला मार्ग पर स्थित पिरदा चौक से नगर तक करीब 900 मीटर की गौरव पथ पर स्ट्रीट लाइट की महती आवश्यकता है, जिस पर लोकनिर्माण विभाग विद्युत यांत्रिकी के दुर्ग डिवीजन एवं बेमेतरा सब डिवीजन के अफसरों द्वारा नगरवासियों की समस्या को गम्भीरता से संज्ञान में लेने की जरूरत है। इस सम्बंध में लोक निर्माण विभाग दुर्ग सम्भाग के कार्यपालन अभियंता-रामलाल गायकवाड़, बेमेतरा उप संभाग के अनुविभागीय अधिकारी-देवेंद्र सिंह एवं उप अभियंता- डाकवर पटेल से संपर्क किया गया। किन्तु किसी भी जिम्मेदार विभागीय अफसर द्वारा ध्यान नही दिया गया।

# रामधुनि संग परिक्रमा में उमड़ा ग्राम्य उत्साह, वर्षा की कामना के साथ डॉ. सौरभ ने किया रामायण पूजन’

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

धर्म संस्कृति और सनातन परंपराओं के संरक्षण में सदैव सक्रिय धर्म स्तंभ काउंसिल के सभापति डॉ. सौरभ निर्वाणी ने ग्राम पंचायत जाता में ग्रामीणों के साथ पारंपरिक रामधुनि कीर्तन और रामायण पूजन में सहभागिता कर परिक्रमा की।

ग्रामवासियों की दृढ़ मान्यता है कि रामधुनि कीर्तन और परिक्रमा करने से वर्षा अनुकूल होती है, सूखा संकट नहीं आता और समाज में सुख-शांति का संचार होता है। डॉ. निर्वाणी ने परिक्रमा करते हुए श्रीराम के दिव्य नाम का संकीर्तन किया जिससे युवाओं में विशेष उत्साह और ऊर्जा का संचार देखने को मिला। इस रामधुनि परिक्रमा संकीर्तन में विशेष रूप से अजय चंद्राकर, वीरेंद्र चंद्राकर, योगेश चंद्राकर, थानू चंद्राकर, पन्ना चंद्राकर, दुगेश्वर साहू, अजय विश्वकर्मा, ओमप्रकाश निर्मलकर,



बसंत चंद्राकर, मूलचंद चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। रामायण पूजन उपरांत पूरे ग्राम में महिलाओं और युवाओं में भक्ति और संस्कार का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। डॉ. सौरभ निर्वाणी ने इस अवसर पर कहा कि ग्रामों में सनातनी परंपरा के जागरण से ही जीवन में सुख-शांति और प्रकृति में संतुलन संभव है। जहां श्रीराम का संकीर्तन होता है, वहां दुख-दारिद्रय मिटता है और समृद्धि का मार्ग खुलता है। ग्रामवासियों ने डॉ. निर्वाणी का अभिनंदन करते हुए भविष्य में भी इस तरह के धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों को और व्यापक रूप से आयोजित करने का संकल्प लेते हुए आते रहने का निमंत्रण दिया।

बेमेतरा न्यूज फोटो नंबर 5

# रकम गबन मामले में पूर्व प्रभारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- कृषक सेवा सहकारी समिति का 5 लाख 88 हजार का मामला



कृषक सेवा समिति से लाखों रुपए गबन करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि समिति के प्राधिकृत अधिकारी कोहका निवासी धुव्र कुमार गुप्ता ने घटना की शिकायत पुलिस से की थी। आरोपी श्याम मंदिर रोड दुर्ग निवासी प्रभारी सहायक प्रबंधक डाकवर धुर्वे ने 20 जुलाई 2023 से 24 जून 2024 के मध्य कृषक सेवा सहकारी समिति कोहका के खाते से बचत बैंक में अपने निजी उपयोग के लिये दिपावली उपहार, ऑडिटर, डीमो, सिलक अन्तरण आदि के लिए स्वयं हस्ताक्षर कर 5 लाख 88 हजार 202 रुपए की राशि का गबन किया। स्मृति नगर पुलिस ने जांच करने पर पूर्व सहायक प्रबंधक डाकवर धुर्वे का ठिकाना तलाश कर टीम गठित कर गिरफ्तार किया गया। पुलिस में शिकायत की जानकारी लगने पर आरोपी पूर्व प्रबंधक भागने की फिराक में था। पुलिस ने तुरंत दुर्ग रेल्वे स्टेशन में दबिश देकर उसे पकड़ लिया।

# लेनेदेन को लेकर हत्या आरोपी मृतक का दोस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रकम के लेनेदेन को लेकर हत्या करने के मामले में पुलिस आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि ग्राम जाताघर्रा व कन्हारपुरी के बीच निर्माणाधीन पुल के बीचो - बीच पानी भरे हुए गड्ढा में मजदूर ग्राम रामघडी थाना बिरसा जिला बालाघाट मध्यप्रदेश निवासी मानसिंग वल्के मृत हालत में पड़ा मिला।

सूचना पर धमधा पुलिस मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम कर जांच में लिया। शव का पीएम कराया गया। मर्ग जांच में चिकित्सकों की रिपोर्ट में उल्लेख हुआ था कि मृतक के सिर पर ठोस वस्तु से चोट आई है। जिससे उसकी मौत होना पाया गया। विवेचना में मृतक मानसिंह के साथी कैलाश बिसेन पर हत्या करने का संदेह पुलिस को होने से हिरासत में लेकर पुछताछ करना शुरु किया गया। मृतक व आरोपी ग्राम जाताघर्रा व कन्हारपुरी गांव के बीच कच्चे रास्ते में बन रहे पुल के पास झोपडी बनाकर रहते थे। दोनों पुल बनाने का काम कर रहे थे।

17 जुलाई की रात आरोपी कैलाश और मानसिंह के बीच शराब पीने के बाद झोपड़ी में पैसे के लेन देन की बात को लेकर जमकर विवाद हुआ। मृतक व आरोपी के बीच हाथापाई पटका पटकी भी हुआ, तभी आरोपी ने मानसिंह को जान से मारने की नियत से बोल्डर पत्थर से कैलाश ने हमला कर दिया। घटना में मान सिंह को गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी को गिरफ्तार कर उसे न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया।

# श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान की तहसील इकाई का सर्वसम्मति से किया गठन

**साजा।** वर्तमान की बढ़ती सूचना-संचार माध्यमों के समय में लोगों में आध्यात्मिक चेतना जागृत करने की दृष्टि से श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान की तहसील स्तरीय इकाई का गठन महामाया मंदिर साजा में पंडित हरिदास महाराज की उपस्थिति में किया गया। प्रारंभ में जन समुदाय में मानस प्रचार-प्रसार की चर्चा करते हुए बोड़, डोंगीतराई, साजा, जांता, भरदाकला, सोमईकला, परसबोड़, घोटवानी, माटरा आदि गांवों से आए मानस मंडलियों के सदस्यों में से नेहरु प्रसाद श्रीवास अध्यक्ष, महेंद्र वर्मा उपाध्यक्ष, शशि बाला साहू महिला उपाध्यक्ष, नरेश साहू कोषाध्यक्ष, भोजराम साहू सचिव, धनराज साहू सह सचिव, तुलाराम साहू, राम कुमार वर्मा, मानिक लाल वर्मा, द्वारिका राम साहू, करण सिंह संरक्षक, राज कुमार कश्यप, मनोज वर्मा, रामकृष्ण साहू सलाहकार, आयुष वर्मा को मीडिया प्रभारी सर्वसम्मति से चयनित किया गया। प्रतिष्ठान की तहसील ईकाई के



गठन पश्चात वर्तमान में मानस मंडलियों को सुदृढ़ करने, नवयुवकों को जोड़ने तथा बुजुर्गों के मार्गदर्शन में निरंतर ग्राम से लेकर तहसील व जिला स्तर में मानस गान के प्रचार-प्रसार और लोगों में आध्यात्मिक चेतना जगाने के लिए श्रावण मास में संत गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती समारोहपूर्वक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसमें उपस्थित सदस्यों ने आयोजन की रुपरेखा निश्चित की और जन सहयोग से इसे सफल बनाने का संकल्प लिया। अपने विचार प्रस्तुति के दरमियान तुलाराम साहू, अजय यादव, श्याम सिंह, राम कुमार साहू, कृपाराम साहू, रवि गंधर्व, राम कुमार वर्मा आदि ने साजा को कला व धर्म नगरी की संज्ञा देते हुए बताया कि यहां के वरिष्ठजनों एवं पुरखों ने सदैव मानस गान, राम सप्ताह, भागवत,, रामलीला, संत-विद्वानों द्वारा मानस प्रचार-प्रसार के अनोखे कार्य किए गए हैं। हमें आने वाली पीढ़ी में इसे यथावत हस्तांतरित करते हुए आध्यात्मिक चेतना जागृत का लोगों में सुख-शांति, राष्ट्रीय एकता, बंधुत्व और भाईचारा को स्थापित करना है।

**सौगात** | **बिजली कंपनी ने बढ़ाया सब स्टेशन का क्षमता, 52 लाख की लागत से हुआ काम**

# हिर्री सब स्टेशन से अब 17 गांव को मिलेगी बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने हिर्री सब स्टेशन की क्षमता बढ़ाने क्षेत्र के 17 ग्रामीण इलाकों में निवास करने वालो को बिजली का लाभ मिलेगा।यहां 4200 से अधिक उपभोक्ता और किसान की बिजली समस्या भी दूर होगी। सीएम अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत यह काम किया गया है।

यहां पर्याप्त वोल्टेज के साथ लगातार बिजली अब सप्लाई देने के लिए अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगाकर विद्युत उपकेंद्रों की क्षमता बढ़ाई जा रही हैं। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र नगपुरा वितरण केंद्र के अंतर्गत स्थित 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेंद्र(सबस्टेशन) हिर्री में 5 एमव्हीए का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगाया गया। यहां पहले में सबस्टेशन में 5 एमवीए, 3.15 एमवीए के दो पॉवर ट्रांसफार्मर लगे हुए थे। जिनमें से एक 3.15 एमवीए के ट्रांसफार्मर को बदलकर 5 एमवीए के पॉवर ट्रांसफार्मर को स्थापित कर ऊर्जीकृत किया। कार्य के होने से उपकेंद्र की क्षमता 8.15 एमवीए से बढकर 10 एमवीए हो गई है। जिससे ओवरलोड की समस्या का निराकरण हो गया है।




**इन ग्रामों को मिलेगा लाभ**

श्री खंडेलवाल ने बताया कि कार्य से क्षेत्र के उपभोक्ताओं, किसानों के हित में सतत विद्युत आपूर्ति के लिए बेहतर साबित होगा। 33/11 के.व्ही. सबस्टेशन हिर्री में अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर के लग गया। इससे ग्राम हिर्री, सेवती, मढ़ियापार, परसदापार, खर्रा, रोता, टेमरी, हसदा, पाण्डुका, बिरेझर, ढाबा, अंजोरा, नवांगांव, करेली, पूर्दा, छोटे पूर्दा,बड़े पूर्दा ग्रामों के करीब 4200 उपभोक्ता, किसान लाभावित होंगे।

बिजली कंपनी मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल के मुताबिक उक्त कार्य 52 लाख रुपए की लागत से पूर्ण किया गया है। सबस्टेशन में पहले से मौजूदा दोनों ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो जाते थे। खासकर धान की फसल के मौसम में लोड षेडिंग एवं लो वोल्टेज की समस्या होती थी। उक्त कार्य से लो वोल्टेज, लोड षेडिंग जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी। इस दौरान अधीक्षण अभियंता वृत्त सलिल कुमार खरे, कार्यपालन अभियंता परियोजना डीकेभारती, कार्यपालन अभियंता संचारण-संधारण संभाग दुर्ग छगन शर्मा, सहायक अभियंता अविनाश दुबे, डीके गजपाल, डी.के.साहू समेत पूरी टीम का अहम योगदान रहा है। पॉवर कंपनी के अधिकारी, कर्मचारी उपभोक्ताओं, किसानों तक गुणवत्तापूर्ण बिजली पहुंचाने के लिए बिजली कंपनी समर्पित है।

